हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 10 दिसंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

13 वनमंत्री का नांदघाट में हुआ भव्य स्वागत



14 गौ प्रतिष्ठा यज्ञ व शिवमहापुराण कथा के चौथे दिन मंडी ...



## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई के विरोध को लेकर बैठक 14 को

**बेमेतरा।** बेरला ब्लॉक के नेवनारा क्षेत्र में प्रस्तावित अरहम इसपात कंपनी की स्थापना के विरोध को लेकर स्थानीय ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने अपनी तैयारियाँ तेज कर दी हैं। इसी क्रम में बेरला ब्लॉक पर्यावरण बचाओ सर्वदलीय समिति (छत्तीसगढ़) द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक 14 दिसंबर, रविवार, दोपहर 2 बजे नेवनारा के दुर्गा मंच में आयोजित होगी। बैठक का उद्देश्य आगामी जनसुनवाई में बड़े पैमाने पर विरोध दर्ज कराने की रणनीति तय करना और ग्रामीणों को औद्योगिक प्रदूषण के संभावित प्रभावों के बारे में जागरूक करना बताया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस्पात संयंत्र से वातावरण, खेतों, जलस्त्रोतों और जनजीवन पर नकारात्मक असर पड़ेगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि जनसुनवाई में शांतिपूर्ण लेकिन प्रभावी ढंग से अपनी बात रखने के लिए यह बैठक अहम मानी जा रही है। पर्यावरण बचाओ सर्वदलीय समिति ने सभी ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के संगठनों से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित होने की अपील की है, ताकि जनसुनवाई में मजबूत आवाज उठाई जा सके।

### जिला सीईओ ने ग्रापं गर्रा के सचिव को किया निलंबित

**बेमेतरा।** जनपद पंचायत साजा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गर्रा सचिव नरेश वर्मा को दायित्वों के निर्वहन में लगातार लापरवाही और उदासीनता बरतने पर निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई जनपद पंचायत साजा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा भेजी गई जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गर्रा के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों पर 29 अगस्त निरीक्षण किया गया, जिसमें पंचायत कार्यालय बंद पाया गया। इसके अलावा 29 सितंबर 2025 को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना एवं छ.ग. राज्य ग्रामीण क्षेत्र विकास प्राधिकरण योजना के तहत अनुमोदित कार्यों की समीक्षा बैठक में भी सचिव अनुपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि निरस्त कार्यों की राशि जमा नहीं करने के संबंध में सचिव को नोटिस जारी किया गया था, जिसका उत्तर आज तक प्रस्तुत नहीं किया गया। आदेशों और निर्देशों की लगातार अवहेलना को गंभीर मानते हुए छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियम 1999 के उपनियम 4(1) के तहत प्रभारी जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश भारद्वाज ने, सचिव नरेश वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत साजा निर्धारित किया गया है। साथ ही, नियमों के अनुसार उन्हें निलंबन भत्ता प्राप्त होगा। उनके स्थान पर लीलूराम पटेल, सचिव ग्राम ▶▶| शेष पेज 13 पर

## बर्ड इंटरप्रिटेशन सेंटर का लोकार्पण एवं बर्ड सफारी का शुभारंभ

# गिधवा-परसदा बनेगा देश का प्रमुख पक्षी संरक्षण केंद्र : वनमंत्री केदार कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ 270 से अधिक प्रजातियों को मिलेगा सुरक्षित प्राकृतिक आवास

प्रदेश के प्रसिद्ध प्रवासी पक्षी आश्रयस्थल गिधवा–परसदा क्षेत्र में मंगलवार छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने बर्ड इंटरप्रिटेशन सेंटर का लोकार्पण एवं बर्ड सफारी का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में हजारों ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और पर्यावरण प्रेमियों की उपस्थिति ने इस ऐतिहासिक क्षण को विशेष बना दिया। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि "गिधवा–परसदा पक्षियों के संवर्धन, संरक्षण और पर्यटन के क्षेत्र में देश में नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। यह क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाएगा।

मंत्री श्री कश्यप ने बताया कि इस क्षेत्र में 270 से अधिक प्रजातियों के विदेशी व स्वदेशी पक्षी नियमित रूप से प्रवास करते हैं और स्थानीय जैव विविधता को समृद्ध बनाते हैं। दशकों से यह क्षेत्र साइबेरिया, यूरोप और मध्य एशिया से आए पक्षियों के लिए सुरक्षित प्राकृतिक आवास रहा है। उन्होंने कहा कि बर्ड इंटरप्रिटेशन सेंटर के माध्यम से पर्यटक अब पक्षियों के जीवन, व्यवहार, प्रवास चक्र और जैव विविधता को वैज्ञानिक दृष्टि से समझ सकेंगे। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्रवासियों की संवेदनशीलता और भावनात्मक जुड़ाव के कारण यह इलाका देश का अनोखा वेटलैंड बन सका है। आने वाले समय में यह ▶▶| शेष पेज 13 पर





**प्रवासी पक्षियों के आसरे का है उपयुक्त स्थल**

उल्लेखनीय है कि यह क्षेत्र अपने प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण तथा हर वर्ष बड़ी संख्या में आने वाले प्रवासी पक्षियों के लिए जाना जाता है। यहां विभिन्न तालाबों, प्राकृतिक आर्द्रभूमि, संरक्षण क्षेत्रों तथा प्रवासी पक्षियों के आसरे का उपयुक्त स्थल है। वर्तमान मौसम में गिधवा-परसदा पहुंची पक्षी मार्च माह तक यहां विचरण कर अपने मुल्क वापस होंगी। यहां विशेष रूप से बारहेड गूज, नॉर्दर्न शवलर, कॉमन टील, पिनटेल डक, पेंटेड स्टॉर्क, ओपनबिल्ड स्टॉर्क, ब्लैक-नेक्ड स्टॉर्क, सारस क्रेन सहित 270 प्रजाति के पक्षी विचरण पर हैं। गिधवा-परसदा वेटलैंड राज्य ही नहीं, बल्कि देश के प्रमुख बर्ड-वॉचिंग स्थल के रूप में उभर रहा है। गिधवा-परसदा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का लक्ष्य राज्य सरकार की मंशा है। गिधवा-परसदा पक्षी विहार को राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बर्ड-वॉचिंग सर्किट में भी शामिल किया जा सके। इसके लिए आधारभूत सुविधाओं का विकास, सूचनात्मक साइनबोर्ड, बर्ड वॉचिंग टॉवर, सोलर लाइटिंग, जैवविविधता अध्ययन केंद्र जैसी योजनाओं पर विस्तार से कार्य किया जाएगा।

### खाद्य मंत्री दयालदास बघेल बोले- आज क्षेत्रवासियों का सपना साकार हुआ

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि वे स्वयं इस क्षेत्र से जुड़े रहे हैं और बचपन से यहां पक्षियों के विचरण को देखते आए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने वर्षों पहले संकल्प लिया था कि "किसी भी प्रवासी पक्षी को क्षति नहीं पहुंचानी"—इसी संकल्प ने गिधवा–परसदा को पक्षी विहार के रूप में विकसित कर दिया है। उन्होंने कहा कि आज का दिन केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि क्षेत्रवासियों के लिए गौरव और उत्साह का पर्व है। यह स्थल अब देश–विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करेगा।

**विधायक एवं कलेक्टर ने भी किया संबोधनः** कार्यक्रम में साजा विधायक ईश्वर साहू ने क्षेत्र की उपलब्धियों पर खुशी जताते हुए कहा कि गिधवा–परसदा आने वाले समय में राज्य के पर्यटन नक्शे पर "स्वर्ण बिंदु" के रूप में उभरेगा। कलेक्टर रणवीर शर्मा ने कहा कि बर्ड इंटरप्रिटेशन सेंटर और सफारी के माध्यम से वैज्ञानिक शोध, पर्यावरण शिक्षा तथा पर्यटन विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल संरक्षण का प्रयास नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य धरोहर है। कलेक्टर ने नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और प्राकृतिक आवासों को सुरक्षित रखने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

### भारत का उभरता हुआ अंतरराष्ट्रीय बर्ड-वॉचिंग सर्किट

गिधवा–परसदा वेटलैंड का भूगोल प्राकृतिक जलाशयों, विशाल आर्द्रभूमियों तथा शांत वातावरण से समृद्ध है, जो प्रवासी पक्षियों हेतु आदर्श माना जाता है। यहाँ हर वर्ष सितंबर से मार्च के मध्य बारहेड ▶▶| शेष पेज 13 पर

# सेको काई शीतों रियो बेमेतरा कराते स्कूल के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ 3 गोल्ड, 2 सिल्वर और 12 ब्रोंज मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन

एलीट मार्शल आर्ट्स एकेडमी छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित ऑल इंडिया ओपन नेशनल कराते चैम्पियनशिप 2025 में बेमेतरा जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 17 मेडल अपने नाम किए। प्रतियोगिता 6 एवं 7 दिसंबर को महिला महाविद्यालय, सेक्टर-9, भिलाई में आयोजित की गई, जिसमें देशभर के लगभग 700 खिलाड़ी शामिल हुए। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ सहित महाराष्ट्र, उड़ीसा, झारखंड, मध्य प्रदेश आदि राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

मेजबान टीम छत्तीसगढ़ ने ओवरऑल विनर ट्रॉफी जीती। सेको काई शीतों रियो बेमेतरा कराते स्कूल के 15 खिलाड़ियों ने काता एवं कुमिते दोनों ही इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 गोल्ड मेडल,2 सिल्वर मेडल,12 ब्रोंज मेडल हासिल किए। गोल्ड विजेता में होमेश साहू (कुमिते), डुमेश्वरी (कुमिते) जान्हवी साहू (कुमिते) रही वही सिल्वर विजेताः हिना (काता एवं कुमिते),साहिल बरगट्टे (सीनियर कुमिते) ब्रोंज विजेताः रोशनी साहू, काजल नवरंगे, नेहा, डुमेश्वरी, चित्रांश पाटिल, अमितेश यादव तथा सीनियर वर्ग में आरती साहू, आरुषि शर्मा, राजकुमारी, होमेश्वर सिन्हा, साहिल साहू ने अपने-अपने वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### संघ एवं प्रशिक्षकों ने दी शुभकामनाएं

खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर सेको काई शीतों रियो कराते एवं छत्तीसगढ़ कराते-डू एसोसिएशन के वर्किंग प्रेसिडेंट रेन्शी बी.बी. नायडू और सेंसई देवराज धनकर ने खिलाड़ियों को बधाई दी। साथ ही छत्तीसगढ़ कराते-डू एसोसिएशन के मनोनीत सदस्य एवं बेमेतरा संघ सचिव अजय वर्मा ने खिलाड़ियों के साथ पूरी बेमेतरा टीम की सराहना करते हुए कहा कि बेमेतरा के खिलाड़ी लगातार राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में जज एवं रैफरी के रूप में भी सराहनीय भूमिका निभाई।

# धान खरीदी पर किसानों का रोष कांग्रेस का आरोप, सरकार बेपरवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ धान खरीदी की लिमिट और अंतिम तिथि पर आपत्ति

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने राज्य सरकार पर धान खरीदी को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन द्वारा तय की गई प्रतिदिन की कम लिमिट और धान खरीदी की अंतिम तिथि इतनी सीमित है कि बचे हुए दिनों में किसानों के पूरे धान की खरीदी संभव ही नहीं है। छाबड़ा ने डूडा और देवरबीजा सोसाइटियों का दौरा किया,इस दौरान उन्होंने बताया कि किसानों ने अपनी समस्याएँ खुलकर रखीं। किसानों का कहना था कि—प्रतिदिन खरीदी की लिमिट बेहद कम है ,धान खरीदी के लिए बहुत कम दिन बचे हैं।

टोकन कटना मुश्किल हो गया है,सोसाइटियों में जगह की भारी कमी है,धान की ट्रांसपोर्टिंग पूरी तरह ठप है । छाबड़ा ने आरोप लगाया कि सरकार धान खरीदी नहीं करना चाहती, इसलिए नए-नए रोड़े अटका रही है। उन्होंने कहा—किसान कर्ज लेकर खेती करते हैं, और यह सरकार उन्हें लगातार परेशान कर रही है। स्थिति यह है कि सोसाइटियों में धान जाम पड़ा है, तौल रुक रही है और प्रति क्विंटल लगभग 1 किलो तक की चोरी की जा रही है—यह सब भाजपा नेताओं के इशारे पर हो रहा है।"उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में यही स्थिति बनी हुई है और भाजपा सरकार सिर्फ लूट की राजनीति कर रही है। उन्होंने मांग की कि—प्रतिदिन की धान खरीदी लिमिट बढ़ाई जाए खरीदी की अंतिम तिथि आगे बढ़ाई जाए,सभी सोसाइटियों की अव्यवस्थाओं को तुरंत दूर किया जाए ।

### ये रहे शामिल

दौरे के दौरान बड़ी संख्या में किसान और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे, जिनमें मंगतराम साहू, टी.आर. साहू, मिथलेश वर्मा, शशिप्रभा गायकवाड़, प्रवीण शर्मा, सुरेश दुबे, शिव वर्मा, धनंजय साहू, विजय देवांगन, शोभा साहू, गोरेलाल साहू, आरती पटेल, मिथलेश वर्मा, प्रभात श्रीवास्तव, टोनू देवांगन, राजा साहू, सुदर्शन साहू, छगन ▶▶| शेष पेज 13 पर

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युष बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण –** 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण–** 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण–** 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## काम में तेजी लाने ग्रामीणों को किया जागरूक

# पीएम आवास योजना के निर्माण कार्य में तेजी लाने लगी संध्या चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश और समस्याओं का किया समाधान

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत अपूर्ण एवं नए स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य में गति लाने के उद्देश्य से जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत ग्राम मुरता में शुक्रवार शाम 5 बजे संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को योजना की पात्रता, तकनीकी मानक, किस्त जारी प्रक्रिया और निर्धारित समय सीमा की स्पष्ट एवं विस्तृत जानकारी देना था, जिससे सभी हितग्राही समय पर अपना आवास निर्माण प्रारंभ कर सकें।



चौपाल में अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2025-26 में स्वीकृत नए आवासों की सूची ग्राम पंचायत को प्राप्त हो चुकी है। जिन हितग्राहियों को प्रथम किस्त 40,000 रुपये जारी कर दिए गए हैं, उन्हें तत्काल निर्माण कार्य शुरू कर प्लिंथ स्तर तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि जिन हितग्राहियों ने राशि प्राप्त करने के बावजूद कार्य प्रारंभ नहीं किया है, उनके विरुद्ध छत्तीसगढ़ राज्य पंचायती राज अधिनियम के तहत वसूली की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि सरकारी सहायता का उद्देश्य शीघ्र पक्का मकान उपलब्ध कराना है, इसलिए राशि रोककर रखने या अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में नवागढ़ जनपद अध्यक्ष खोरबाहरा साहू, एसडीओ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा धमेन्द्र कुमार, विकासखंड समन्वयक (आवास) जनक बंजारे, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### स्पॉट पर किया गया समस्याओं का समाधान

चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने निर्माण सामग्री की उपलब्धता, तकनीकी मानकों से जुड़ी समस्याएं, जियो-टैगिंग में विलंब तथा नरेगा मजदूरी भुगतान जैसी व्यावहारिक समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। अधिकांश शिकायतों का समाधान स्थल पर ही कर दिया गया। संबंधित विभागीय टीमों को निर्देशित किया गया कि किसी भी हितग्राही को तकनीकी बाधा का सामना न करना पड़े और सभी आवास से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक ▶▶| शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप



### भागवत कथा का श्रवण किया इंद्रजीत सिंह छोटू ने

भिलाई। दुर्गा समिति टाटा लाइन कोहका द्वारा आयोजित श्रीमद् देवी भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में भगवताचार्य गोपिकेश्वरी के श्रीमुख से हो रही पावन कथा में एचटीसी कंपनी के डायरेक्टर एवं सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू सम्मिलित हुए। उन्होंने दर्शक दीर्घा में बैठकर कथा का रसपान किया। इस अवसर पर उन्होंने कथा व्यास को सादर प्रणाम करते हुए सभी नगरवासियों को इस दिव्य एवं भव्य धार्मिक आयोजन के लिए हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर मलकीत सिंह, जोगा राव, अनिल चौधरी, निर्मल सिंह निम्मे, शाहनवाज़ कुरैशी, रमन राव, वाजिद अंसारी, हरेंद्र यादव, सोम सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### ग्रामीण विकास के लिए 47.79 लाख स्वीकृत

दुर्ग। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा अनुमोदित निर्धारित लागत दर अनुसार जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत अधोसंरचना निर्माण कार्य के लिए 47.79 लाख रूपए की अनुशंसा प्राप्त हुई है। अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग पाटन द्वारा प्रेषित तकनीकी स्वीकृति के आधार पर अनुशंसित कार्य को संपादित कराए जाने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यो की संपादन कार्यकारी एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत होगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीके दुबे से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखण्ड पाटन के ग्राम सांतरा में मुक्तिधाम सह प्रतिक्षालय शेड निर्माण के लिए 4.79 लाख रूपए, ग्राम डिडगा के वार्ड न. 10 में तथा जामगांव एम सतनाम भवन से मुख्य मार्ग की ओर सीसी रोड निर्माण के लिए 2.60-2.60 लाख रूपए तथा ग्राम सोनपुर में चिंता साहू के घर से सनत कुम्भकार के घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 7.80 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# तालाब ने बना दिया आत्मनिर्भर, ढेस का उत्पादन कर हर महीने कमा रहा 15 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

महात्मा गांधी नरेगा योजना ने एक बार फिर ग्रामीणों के जीवन में बदलाव लाया है। ग्राम पंचायत महमरा में मनरेगा के तहत निर्मित निजी तालाब ने किसान मूलचंद निषाद और उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार लाया है।

लगभग 6 किमी दूर स्थित इस गांव में रहने वाला 4 सदस्यीय परिवार पहले केवल द्विफसलीय खेती पर निर्भर था, जिससे आय सीमित थी और जीवनयापन चुनौतीपूर्ण बना रहता था। लेकिन आज हालात बदल चुके हैं। मनरेगा से बने इस तालाब ने मूलचंद निषाद के जीवन में नई रोशनी लेकर आयी। तालाब को उन्होंने दो हिस्सों में विकसित किया। पहले हिस्से में मछली पालन और दूसरे हिस्से में ढेस कांदा उत्पादन। इतना ही नहीं तालाब की मेड़ पर उन्होंने मौसमी सब्जियों की खेती भी शुरू की, जिससे नियमित आय का स्त्रोत बन गया है।

## ग्रामीण किसान की बदल गई किस्मत, आय में बढ़ोत्तरी, दूसरों को भी दे रहा रोजगार

### वार्षिक आय में बढ़ोत्तरी, अब दूसरे के यहां काम करने की जरूरत नहीं

सब्जी उत्पादन से उन्हें प्रतिमाह लगभग 10 हजार से 15 हजार की आय हो रही है। मछली पालन ने उनकी वार्षिक आय में और अधिक इजाफा करते हुए हर वर्ष लगभग ढेड लाख तक की आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, परिवार द्वारा किए जा रहे मुर्गी पालन से भी अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं। एक किसान के लिए यह आय उनके परिवार को आर्थिक सुरक्षा भी प्रदान कर रही है।



### बारिश के जल को संरक्षित कर मौसमी सब्जियां भी उगा रहा

मूलचंद निषाद ने बारिश का पानी सीधे तालाब में संग्रहित कर खेतों को भरपूर सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया। अब वह टमाटर, मिर्च, धनिया और अन्य सब्जियों की अतिरिक्त फसल लेकर बाजार में बेच पा रहे हैं। इस निर्माण कार्य से मनरेगा के तहत ग्रामीण परिवारों को भी अच्छा रोजगार मिला। आज यह डबरी न सिर्फ जल संरक्षण का साधन है, बल्कि ग्रामीण परिवार की आजीविका का माध्यम भी है।

## वार्ड-16 : अवैध खटाल और आवारा मवेशियों से हालात बेकाबू

# सुपेला में आवारा मवेशी, गंदगी से अटे तालाब और कचरे से लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वार्ड परिक्रमा

वार्ड 16 सुपेला के लोग आवारा मवेशियों, तालाब की गंदगी और अवैध खटालों से परेशान हैं। सड़कें दिन भर मवेशियों से घिरी रहती हैं और तालाब के आसपास कचरे का अंबार लगा है। कई शिकायतों के बाद भी हालात नहीं बदले। लोगों की शिकायत की है कि कई बार जनप्रतिनिधी से आवारा मवेशी और अवैध खटाल की शिकायत की गई है लेकिन परेशानी अब भी बनी हुई है।

नगर निगम भिलाई अंतर्गत वार्ड 16 सुपेला के लोग आवारा मवेशियों, तालाब की बदहाल स्थिति और बढ़ती गंदगी से रोज जूझ रहे हैं। सड़क पर दिन भर मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। इससे लोगों को आने-जाने में परिशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। तालाब की हालत भी अच्छी नहीं है। चारों तरफ कचरा जमा है और रावणभाठा के मुख्य द्वार के पास घरों से निकलने वाला कचरा अस्थायी तौर पर वहीं फेंका जा रहा है। तालाब के सामने भी यही हाल है। साफ सफाई की व्यवस्था भी कमजोर है। कुछ जगह तो इतना कचरा जमा है कि सड़क और कचरा घर में फर्क करना मुश्किल हो जाता है।

## सड़क से गुजरते बच्चों और मरीजों की राह में भी बाधा







### शीतला तालाब बना असामाजिक गतिविधियों का अड्डा

इंदिरा नगर और शंकर पारा के बीच स्थित शीतला तालाब अब नशे की आदतों और असामाजिक गतिविधियों का केंद्र बन गया है। पहले शाम को अंधेरा होते ही शराब पीने और गांजा सेवन करने वालों की भीड़ लगती थी, लेकिन अब स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि सुबह से ही गांजा, शराब सहित अन्य नशा करने वालों की लाईन लगी रहती है। करीब दो साल पहले यहां एक लड़की की हत्या हो चुकी है। उसके बाद से चाकूबाजी, छिनतई और छोटे अपराध रोज की बात बन गए हैं। तालाब के आसपास से गुजरने वाले लोग खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। तालाब के सामने वाला सड़क लक्ष्मी मार्केट की ओर जाता है। इसलिए लोगों का आना जाना लगा रहता है। शाम के समय कई लोग लूट का शिकार बन चुके हैं। लोगों ने पुलिस से नियमित गश्त की मांग की है ताकि तालाब क्षेत्र सुरक्षित बने।

### सड़क पर पूरे दिन मवेशियों का कब्जा

दूसरी बड़ी समस्या अवैध खटाल है। वार्ड 16 सुपेला में अवैध खटाल और आवारा मवेशियों की समस्या अब गंभीर रूप ले चुकी है। तालाब किनारे सड़क पर मवेशियों को बांधकर रखा जाता है। इससे सड़क संकरी हो जाती है और लोग आसानी से निकल भी नहीं पाते। दूध निकालने के बाद कई पालक मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं, जो रावणभाठा और तालाब इलाके में दिन भर डेरा जमाए रहते हैं। रावणभाठा के सामने वाली सड़क पर दिन भर आवाजाही रहती है। कई स्कूल और अस्पताल पास होने की वजह से स्कूली बच्चे और एम्बुलेंस अक्सर मवेशियों की भीड़ में फंस जाते हैं। कई बार सांडों की लड़ाई भी बेकाबू हो जाती है। लड़ते हुए सांड दुकानों तक पहुंच जाते हैं, जिससे दुकानदारों का सामान टूटता है और नुकसान होता है। नागरिकों ने कई बार शिकायत की, लेकिन कार्रवाई सिर्फ जुर्माना वसूलने तक सीमित रहती है। कुछ समय बाद हालात फिर उसी जगह लौट आते हैं। लोगों की मांग है कि नगर निगम इस समस्या को सिर्फ जुर्माने तक न रखे, बल्कि स्थायी समाधान की दिशा में कदम उठाए।

# सड़क पर अवैध निर्माण हटाने लगाई गुहार



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव एवं हितेश पिस्दा ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान के लिए आवश्यक पहल करने कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 130 आवेदन प्राप्त हुए। आज सबसे अधिक अतिक्रमण के आवेदन आये।

- जनदर्शन में मिले 130 आवेदन

चरोदा निवासियों ने चरोदा के विश्व बैंक आवासीय योजना, सेक्टर 4 में शासकीय सड़क पर अवैध निर्माण करने की शिकायत की। स्थानीय निवासियों ने बताया लगभग 20 फीट चौड़ी सार्वजनिक सड़क पर करीब 6 फीट हिस्सा कब्जा कर अन्य व्यक्ति द्वारा घर का निर्माण किया जा रहा है। सड़क पर कब्जा कर डीपीसी लेवल तक निर्माण पूरा कर लिया गया है। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम चरोदा को निरीक्षण कर तत्काल कार्यवाही करने को कहा।

### सड़क पर जलभराव की शिकायत

सुंदर नगर बोरसी निवासी ने सड़क पर जलभराव की शिकायत की। उन्होंने बताया कि दुर्ग के सुंदर नगर, बोरसी में नाली कनेक्शन न होने से सड़क पर लगातार जलभराव और बदबू की स्थिति बन गई है। घर के सामने बिल्डर ने दो मंजिला भवन बनाकर नाली को मुख्य नाली से नहीं जोड़ा, जिससे गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है और मच्छरों व कीटों का प्रकोप बढ़ गया है। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने नगर निगम अधिकारी को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### गंदगी और बदबू से परेशान हैं लोग

इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 27 वार्डवासियों ने अतिक्रमण की शिकायत की। वार्डवासियों ने बताया कि नगर पालिक निगम रिसाली के वार्ड क्रमांक 27 मैत्री नगर के निवासी, वर्षों से पार्क की आरक्षित जमीन पर हो रहे अतिक्रमण से परेशान हैं। फेस 1 में पार्क के लिए निर्धारित भूमि पर सब्जी दुकान, खटाल और अन्य अवैध गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में गंदगी और बदबू फैल रही है तथा स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। फेस 1 की पार्क भूमि को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कर वहां पार्क विकसित करने आवेदन दिया।

# फर्जी नियुक्ति पत्र रोकने कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस में दर्ज कराई जाएगी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर पालिक निगम, दुर्ग के संज्ञान में यह मामला आया है कि यशवंत यादव, सहायक ग्रेड-03 के नाम से एक कथित नियुक्ति पत्र विभिन्न माध्यमों में प्रसारित किया जा रहा है। निगम प्रशासन द्वारा की गई प्रारंभिक जाँच में यह पाया गया है कि नियुक्ति पत्र पूर्णतः फर्जी, भ्रामक और अवैध है। निगम ने स्पष्ट किया है कि छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा इस प्रकार का कोई आदेश जारी नहीं किया गया है, न ही उक्त व्यक्ति की किसी प्रकार की पदस्थापना नपानि दुर्ग में की गई है। प्रस्तुत पत्र में शासन के आदेश क्रमांक, तिथि एवं शर्तों का जिस प्रकार उल्लेख किया गया है, वह शासन के अधिकृत प्रारूप से मेल नहीं खाता तथा दस्तावेज़ की सत्यता संशयास्पद पाई गई है।

निगम प्रशासन ने बताया कि फर्जी पत्र में एक वर्ष में कंप्यूटर प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने, दो वर्ष की परीक्षावधि, स्वास्थ्य प्रमाणपत्र एवं थाना क्षेत्र से एनओसी प्रस्तुत करने, जैसी शर्तों का उल्लेख किया गया है, परंतु ये सभी



विवरण न तो विधिवत जारी किसी आदेश से संबंधित हैं और न ही निगम के अभिलेखों में उपलब्ध हैं। निगम प्रबंधन ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए दस्तावेज़ की सत्यता जाँच हेतु संबंधित विभागों को रिपोर्ट भेज दी है। आवश्यकता पड़ने पर इस मामले में कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जाएगी। निगम ने किसी भी नियुक्ति, पदस्थापना अथवा स्थानांतरण आदेश की सत्यता की पुष्टि के लिए केवल निगम की आधिकारिक वेबसाइट, कार्यालय या संबंधित विभाग से ही जानकारी प्राप्त करें। किसी भी भ्रामक दस्तावेज़ पर विश्वास न करें। दुर्ग निगम ने यह भी कहा है कि निगम द्वारा जारी प्रत्येक आदेश पर आधिकारिक लेटरहेड, प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर, विभागीय मुहर, जारीकर्ता शाखा का नाम तथा डायरी, डिस्पैच नंबर का स्पष्ट उल्लेख अनिवार्य रूप से होता है। फर्जी पत्र में यह आवश्यक औपचारिकताएँ अनुपस्थित पाई गई हैं।

# कुरुद नहर की जमीन और नकटा तालाब से अतिक्रमण हटाकर सौंदर्यीकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

आम आदमी पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह ने सोमवार को दुर्ग कलेक्टर को दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपे। दोनों ज्ञापनों में भिलाई के महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों कुरुद नहर की सरकारी जमीन और नकटा तालाब को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कर विकसित करने की मांग की गई है।

पहले ज्ञापन में उन्होंने एससी चौक से कुरुद तक नहर की जमीन पर फैलते जा रहे अतिक्रमण पर चिंता जताई। उनका कहना है कि भिलाई को बेहतर स्मार्ट सिटी की दिशा में ले जाने के लिए नहर के दोनों किनारों पर 15 से 20 फीट चौड़ी भूमि को खाली कराना जरूरी है। उन्होंने मांग रखी कि यहां आधुनिक कैनाल पाथवे बनाया जाए, जहां इंटरलाकिंग पेवर लगे हों और नागरिकों के लिए ओपन जिम और जॉगिंग ट्रैक जैसी सुविधाएं तैयार की जाएं। इससे शहरवासियों को एक सुरक्षित और स्वच्छ सार्वजनिक स्थान मिल सकता है।



दूसरे ज्ञापन में उन्होंने पटवारी हल्का कुरुद के नकटा तालाब में हो रहे अतिक्रमण की शिकायत की। उन्होंने मांग की कि तालाब का जीपीएस आधारित सीमांकन कराकर सभी अतिक्रमण हटाए जाएं और सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल या वायर फेंसिंग लगाई जाए।ज्ञापन सौंपने के दौरान इस दौरान मेहरबान सिंह, रऊफ अंसारी, धर्मेंद्र चौधरी, बलविंदर और अविनाश गायकवाड़ सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## स्लाटर हाउस के विरोध में कैंडल मार्च...



भिलाई। नगर निगम भिलाई अंतर्गत वार्ड 7 राधिका नगर के निवासियों द्वारा स्लॉटर हाउस बूचड़खाना को अन्यत्र हटाने कैंडल मार्च निकली गई।

### कॉर्पोरेट क्रिकेट स्पर्धा 22 से

भिलाई। दिवंगत पूर्व विधायक विद्या रतन भसीन की स्मृति में दुर्गा मैदान, शांति नगर में कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 22 दिसंबर से किया गया है। आयोजन समिति के ललित मोहन ने बताया कि हर खिलाड़ी के लिए आईडी कार्ड अनिवार्य रहेगा। हर मुकाबले में मैन ऑफ द मैच दिया जाएगा। मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बैट्समैन और बेस्ट बॉलर के लिए अलग ट्रॉफी रखी गई है। विजेता टीम को 31 हजार रुपये और रनर-अप टीम को 21 हजार रुपये नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। खिलाड़ियों के लिए टी-शर्ट कमेटी की ओर से बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराई जाएगी।

## विधायक चंद्राकर ने निर्माणाधीन रिचार्ज पिट का किया निरीक्षण

# घरों में सोखता निर्माण के लिए किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

गांवों में पानी बचाने के लिए रिचार्ज पिट सोखता का निर्माण किया जा रहा है। सोमवार को ग्राम कातरो में जिला पंचायत दुर्ग द्वारा जल संरक्षण के उद्देश्य से संचालित एक-एक बूंद पानी बचाने के लिए रिचार्ज पिट निरीक्षण कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। विधायक चन्द्राकर ने स्कूल परिसर तथा हितग्राहियों के घरों में बनाए गए रिचार्ज पिट सोख्ता का स्थल निरीक्षण कर कार्य की प्रगति, प्रभाव और उपयोगिता का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

- जल संरक्षण के लिए सामूहिक भागीदारी जरूरी

विधायक ललित चंद्राकर ने लोगों से अपने-



अपने घरों में सोखता निर्माण करने की अपील की जिससे वर्षा जलों को संरक्षण कर सके और आने वाले दिनों में जल संकट से बच सके। इस दौरान विधायक ललित चंद्राकर ने अधिकारी कर्मचारी को निर्देशित करते हुए जल संचय की दिशा में अभिनव पहल जल संचय की विभिन्न गतिविधियां संचालित करने जैसे पौध रोपण, जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम चलाने, स्कूलों में बच्चों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने, ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब, नदियों पर छोटे बांध निर्माण एवं नदियों के संरक्षण के लिए जलधारा के आसपास फलदार पौधों के रोपण और जैविक खेती को प्रोत्साहित करने, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों पर प्याऊ की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे, जनपद पंचायत सीईओ रूपेश पांडे, सरपंच जितेन्द्र सोनी, उपसरपंच पुष्पलता साहू, मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, महामंत्री चंदु देवांगन एवं प्रवीण यदु, मंडल उपाध्यक्ष विमला कामड़े, उतई सोसायटी अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### खेत का पानी रोकना सबसे बड़ी आवश्यकता: विधायक ललित

चंद्राकर ने कहा घर और खेत का पानी रोकना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जल ही जीवन है, इसके उपयोगिता को समझते हुए ठोस कदम उठाने होंगे कम बजट में भी प्रभावी जल संरक्षण संभव है। पहले प्राकृतिक रूप से जल संरक्षण हो जाता था लेकिन बढ़ते सर्मेंटीकरण के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसे में जागरूक और सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। अनिवार्य रूप से हम सभी को अपने अपने घरों में वाटर हार्वेस्टिंग को अपनाना होगा।

# नशे के विरुद्ध पोस्टर और स्लोगन लेकर लगाए नारे, निकाली जागरुकता रैली

भिलाई। ओजस समाज सेवा समिति द्वारा नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के बच्चों के साथ रैली निकालकर की गई। जिसमें संदेश दिया गया कि नशा समाज के लिए वो जहर है जो व्यक्ति और समाज को धीरे-धीरे बर्बाद कर देता हैं।

समिति द्वारा यह कार्यक्रम नशे के कारण होने वाले दुष्परिणाम के रुप में आर्थिक, शारीरिक, मानसिक नुक़सान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। नशा मुक्त अभियान का यह कार्यक्रम शासकीय पी एम श्री प्राथमिक शाला रूऑबाधा स्कूल के बच्चों ने हाथों में नशा के विरुद्ध लिखे पोस्टर और स्लोगन को लेकर रैली निकाली और नारे लगोता हुए आसपास के लोगो को जागरुक किया। इस दौरान बच्चों को नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई गई। बच्चों ने शपथ लेते हुए कहा कि हम कभी भी किसी भी तरह के नशे का सेवन नहीं करेंगे। इस दौरान समिति की अध्यक्ष ललिता सिंह ने कहा कि नशा केवल शराब ही नहीं बल्कि, बीड़ी, गुटका, तंबाकू, गांजा, सिगरेट जैसी हानिकारक चीज़ों पर भी प्रतिबंध होना चाहिये। आजकल बच्चे इन सब के आदि हो रहे है छोटे छोटे बच्चों को सिगरेट व तंबाकू का सेवन करते देखा जाता हैं। इस अभियान में स्कूल की प्रधान पाठिका ज्यानेश्वरी मिश्रा, संध्या पाठक, नागेन्द्र मरावी, प्रीती वामन, सुधा और ओजस समिति की संरक्षक दुर्गा अधिकारी ने सभी बच्चों को शपथ दिलाई।



## खबर संक्षेप



### सार्वजनिक जगहों पर शराब का सेवन करने वाले 66 लोगों पर कार्रवाई

**भिलाई।** जिले में अपराध के रोकथाम हेतु एवं अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में विगत दिवस दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वाले के तथा अड्डेबाजी करने वाले के विरुद्ध जिले के अलग-अलग स्थान थाना सुपेला में 15, दुर्ग में 14, भिलाई नगर में 9, मोहन नगर में 6, पद्मनाभपुर व वैशाली नगर में 5, पुलगांव व जामुल में 3, पाटन में 2, नगपुरा, अंजोरा, पुरानी भिलाई व रानीतराई में एक-एक कार्यवाही किया गया। इस अभियान में दुर्ग जिला के विभिन्न थाना, चौकी में अभियान चलाकर अड्डेबाज़ी करने वाले सैकड़ों स्थानों पर चेकिंग कर शराब पीने वालों के विरुद्ध 66 लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### कंप्यूटर और दस्तावेजों के सभी कार्य शत प्रतिशत हिंदी में करें



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के सभागार में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को प्रोत्साहन एवं भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि तुलाराम बेहरा थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि हम कार्यक्षेत्र में सारा वार्तालाप अपनी भाषा हिंदी में करते हैं। हिंदी वार्तालाप के लिए सहज एवं सरल है। कंप्यूटर, दस्तावेजों एवं रजिस्टर आदि में हिंदी भाषा में लिखना आज की आवश्यकता है। हमें अपने सभी कार्य शत-प्रतिशत हिंदी में करना ही है। हिंदी हमारे समग्र निष्पादन में भी सहायक है।महाप्रबंधक एवं विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारी एमएस नायडू ने कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स विभाग द्वारा हिंदी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों और संयंत्र स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं की जानकारी दी । सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक एमएस नायडू विजेन्द्र कुमार वर्मा (इंजीनियरिंग एसोसिएट हेमराज प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार विजेता रहे। महाप्रबंधक झगर सिंह, मधुसूदन नायक, टीए गगन किशोर, इंजीनियरिंग एसोसिएट राजेश वर्मा, रमेश दौने, राजेन्द्र कुमार गजेन्द्र, लोकचंद यादव, लेखराम घरेन्द्र, भोपाल सिंह आदि उपस्थित थे।

### श्रमदान से बघेरा का शीतला तालाब हुआ साफ, किया जागरूक

**भिलाई।** भारतीय मजदूर संघ जिला दुर्ग ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष मे चलाये गये पंच परिवर्तन आयाम मे से एक पर्यावरण संरक्षण के तहत बघेरा मे स्थित शीतला तालाब में सफाई अभियान चलाया ।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर खोले गए रैन बसेरों का दुर्ग-भिलाई में बुरा हाल, रात गुजारने के नहीं पर्याप्त इंतजाम

# ठिठुर रही ट्विनसिटी... इधर आश्रय के लिए रैन बसेरे में ताला, न कंबल है न चादर, फंड के अभाव में बढ़ी दिक्कतें

विमल शंकर झा ▶▶| भिलाई

*दुर्ग शहर में पूस यानी दिसंबर महीने की कंपकपाने वाली ठंड में राज्य शासन की लापरवाही और नगर निगम की असंवेदनशीलता बेघर गरीबों और मुसाफिरों पर भारी पड़ रही है। रैन बसेरों में शासन से अनुदान नहीं मिलने और बदइंतजामी के कारण जरुरतमंदों को फुटपाथ में रात गुजारने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। वर्षों पूर्व बनाए गए रैनबसेरों कुछ बंद हो चुके हैं और बाकी में बुनियादी सहूलियतों बदहाल हैं। सामाजिक संगठनों ने जिला प्रशासन से कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन से तत्काल सभी रैनबसेरों को अपडेट कर पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग की है।*

शहर में ठंड अपना तेवर दिखाने लगी है। पूस का महीना शुरु होते ही खून जमा देने वाली ठंड पड़ रही है। आगे शीतलहर बढ़ने के आसार हैं। लेकिन नगर निगम भिलाई इस सर्दीले माहौल से पूरी तरह बेखबर बना हुआ है। इसका खामियाजा आवासविहीन और गरीबों को भुगतना पड़ रहा है।

सामाजिक संगठनों ने बताया कि नगर निगम प्रशासन को कड़कड़ाती ठंड में अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का एहसास है और न ही सुप्रीम कोर्ट के आदेश का ही डर है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश और गाइड लाइन के मुताबिक आवासहीनों और बाहर से शहर में आने वाले गरीब यात्रियों, भिखारियों और यतीमों आदि जरुरतमंदों के ठहरने और रात बिताने के लिए शासन व म्यूनिसपल को रैनबसेरे बनाकर सभी इंतजाम करना है।








### ठंड में लोगों को परेशानी न हो इसलिए रैन बसेरे हुए थे शुरू

ठंड में इन जरुरतमंदों को परेशानी न हो। लेकिन भिलाई में वर्षों पूर्व बनाए गए रैनबसेरों कोई इंतजाम नहीं है। अधिकतर में पलंग, कंबल, गद्दे व चादर आदि उपलब्ध कराए गए हैं और न ही पानी, सफाई आदि बुनियादी सुविधाएं भी बदहाल हैं। कुछ में ताले लटके हुए हैं। नेहरु भवन सुपेला के ग्राउंडफ्लोर में ताला लटका है और अंदर रैनबसेरा को दो टूटे पलंग को स्टोर मे बतौर कबाड़ बंद कर दिया गया है। वहीं 20 साल पूर्व आकाशगंगा सब्जी मंडी के पास निर्मित रैन बसेरा में बदइंतजामी का माहौल है। हाल में भारतीय मजदूर संघ का आवंटित कार्यालय है। यहां एक भी मुसाफिर नहीं दिखा और निगम व यूनियन का एक कार्यकर्ता आराम से लेटे टीवी देखते मिला। भवन की बाउंड्रीवाल पूरी तरह टूट चुकी है। वैशालीनगर व खुर्सीपार रैनबसेरा भवन में भी अव्यवस्था का आलम दिखा।

### बेघर और मुसाफिर फुटपाथ पर रात गुजारने हुए मजबूर

भिलाई में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन बीस पच्चीस साल बनाए गए रैनबसेरों में बदइंतजामी या इनके वाइंडअप हो जाने की वजह राज्य शासन से पिछले कई सालों से नगर निगम को ग्रांट( अनुदान ) नहीं उपलब्ध नहीं करवाना है। निगम के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार शासन से पिछले कई वर्षों से अनुदान नहीं मिलने के कारण सभी रैनबसेरों में सुविधा और संसाधनों आदि की व्यवस्था नहीं की जा सकी है। वहीं जरुरतमंदों और सामाजिक संगठनों के मुताबिक रैनबसेरों में ताले व कोई सुविधा नही होने से कई आवासहीनों,गरीब मुसाफिरों को कड़ाके की ठंड में जर्जर आकाशगंगा काम्पलेक्स,नेहरुनगर फ्लाओवर के नीचे जैसे खुले आकाश में रात बिताने मजबूर होना पड़ रहा है। आकाशगंगा परिसर में रात अपने मासूम भतीजे के साथ रात बिताने वाली भंडारा की 65 वर्षीय फूलबाई बंसोढ़ ने बताया कि दिन में फुटपाथ पर खिलौने बेचते हैं रात में जेपी चौक फुटपाथ व आकाशगंगा काम्पलेक्स आदि कहीं भी सो जाते हैं।

### जिला प्रशासन से मदद की दरकार

ठंडी के मौसम में बेघरों व बाहर से शहर में आने वाले गरीब यात्रियों के आश्रय के लिए सामाजिक संगठनों ने नगर निगम के साथ कलेक्टर से सभी रैनबसरों में सुविधाओं और संसाधन मुहैया कराने की मांग की है। ताम्रकार समाज और पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ छग कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने बताया कि दो महीने ठंड को बीत चुके हैं और इतना ही वक्त अभी बाकी है। बावजूद नगर निगम द्वारा जरुरतमंदों के लिए रैनबसरों में बुनियादी सुविधाएं व कंबल,चादर आदि संसाधन उपलब्ध नही करवाना अमानवीय है। मुख्यमंत्री व कलेक्टर से गुहार है कि सभी रैनबसरों को अतिशीघ्र अपडेट किया जाएगा।

### शासन से नहीं मिल रहा अनुदान

नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्र में रैन बसेरों का निर्माण किया गया था लेकिन पिछले कुछ वर्षों से राज्य शासन द्वारा अनुदान नहीं मिलने से इनमें निर्धारित सुविधा व संसाधन उपलब्ध नहीं कराए जा सक रहे हैं। मुसाफिरों के लिए अलाव आदी के वैकल्पिक इंतजाम किए जा रहे हैं।

**अनिल सिंह,** नोडल अधिकारी ननि भिलाई

### दुर्ग में सिर्फ एक रैनबसेरा, वह भी आउट सोर्सिंग में

दुर्ग में सिर्फ एक रैनबसेरा संचालित है, जो नया बस स्टैंड में संचालित है। इस रैन बसेरा का संचालन दुर्ग निगम द्वारा किया जा रहा है। इस बार करीब 3 लाख रुपए में अगले 3 साल के लिए ठेके पर दिया गया है। कार्य एजेंसी द्वारा ही रैन बसेरे की देखरेख की जा रही है, जहां साफ-सफाई, पेयजल से लेकर अन्य इंतजाम किए गए हैं। इसमें चादर, तकिया, कंबल सहित अन्य सामान भी उपलब्ध कराए जाते हैं। दुर्ग में ही पं. दीनदयाल उपाध्याय को योजना के अंतर्गत जिला अस्पताल में एक आश्रय स्थल खोला गया है। जहां श्रमिकों को ठहरने के इंतजाम किए गए हैं। साथ में कैंटीन में भोजन की व्यवस्था है। नाममात्र के शुल्क में ये सारे इंतजाम किए गए हैं।

## वनमंत्री का नांदघाट में हुआ भव्य स्वागत



**नांदघाट।** गिधवा पक्षी विहार के कार्यक्रम में जा रहे वन मंत्री का नांदघाट में भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी एवं फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। उक्त अवसर पर जिला मंत्री मनीष जयसवाल, वरिष्ठ नेता शैलेश तिवारी, विवेक शुक्ला मीडिया प्रभारी शिवचरण साहु मंडल महामंत्री सीताराम साहु मनोज यादव शैलेन्द्र अग्रवाल, राजू चक्रधारी, राजू पात्रे सरपंच, रोहित निषाद अकोली सरपंच, मोहन ध्रुव करमसेन सरपंच, संजय निषाद सरपंच दिलेश्वर साहु प्रमोद देवांगन सरपंच केसला राम खिलावन वर्मा, व्यास वर्मा गंगाराम निषाद तरपोंगी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गनियारी पहुंचने पर अग्निवीर राकेश का हुआ स्वागत

**भिलाई।** अपने गृह ग्राम गनियारी पहुंचने पर अग्निवीर राकेश साहू का भव्य स्वागत किया। इतवारी साहू के सुपुत्र राकेश साहू हैं, जिनका कुछ माह पूर्व सेना के अग्निवीर भर्ती में चयन हुआ था। वर्तमान में वे अमृतसर पंजाब के संवेदनशील क्षेत्र में देश की सेवा कर रहे हैं। अवकाश के दौरान जब वे अपने गांव राकेश पहुंचे। जिसे देख ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहा।

## स्कूल में शिक्षकों की कमी, किया सड़क जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



ग्राम बेलौदी के स्कूलों में लगातार शिक्षकों की कमी के कारण सोमवार सुबह प्राथमिक और मिडिल स्कूल के छात्र-छात्राएं और उनके परिजनों, ग्रामवासियों ने एकजुट होकर दुर्ग-नगपुरा मुख्य मार्ग पर बैठकर चक्काजाम कर दिया। सड़क जाम होने पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि यहां महीनों से शिकायतों के बाद भी शिक्षा विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की बल्कि छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बेलौदी मिडिल स्कूल की संकुल प्राचार्य कुमुद सिंह के मुताबिक स्कूल में पहले दो स्थायी शिक्षक और एक प्रधान पाठक पदस्थ थे। प्रधान पाठक का हाल ही में प्रमोशन होने के बाद तबादला दूसरी जगह हो गया। अभी दो शिक्षक स्कूल में है, लेकिन वे दोनों बीएलओ ड्यूटी कर रहे हैं। इस कारण स्कूल में पढ़ाई नहीं हो पा रही है। प्राथमिक स्कूल में भी एकमात्र शिक्षिका की ड्यूटी बीएलओ में लगा दी गई है। ग्राम पंचायत ने खुद आगे आकर प्राथमिक के लिए वैकल्पिक शिक्षक की व्यवस्था की। वहीं मिडिल स्कूल के लिए सितंबर से एक शिक्षक को लाया गया था, लेकिन उनका स्वास्थ्य खराब होने की वजह से वे मेडिकल पर हैं। लगातार अव्यवस्था और बदहाल शिक्षा व्यवस्था से नाराज मिडिल और प्राथमिक स्कूल के बच्चों ने इसे लेकर अपना विरोध दर्ज किया।

इसे लेकर परिजन और ग्रामीण भी सड़क पर उतर आए और नगपुरा रोड पर जाम कर दिया।

## पेज 11 के शेष

### गिधवा-परसदा बनेगा ...

क्षेत्र भारत का सबसे बड़ा बर्ड-वॉचिंग हब बनेगा। **पर्यटन एवं रोजगार को मिलेगा बढ़ावा:** श्री कश्यप ने कहा कि बर्ड सफारी के संचालन से स्थानीय युवाओं को होम-स्टे, गाइडिंग, बोटिंग, ईको-टूरिज्म, लोकल उत्पाद बिक्री और ट्रांसपोर्ट सेवाओं के माध्यम से बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि वेटलैंड क्षेत्र को और विकसित करने हेतु सोलर लाइटिंग, बर्ड वॉचिंग टॉवर, सूचना केंद्र, जैवविविधता अध्ययन केंद्र, पार्किंग स्थल और पर्यटक सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। वन मंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में पक्षियों और जीव-जंतुओं को हमेशा पूजनीय स्थान प्राप्त रहा है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक युग तक पक्षियों को शुभता, समृद्धि और पर्यावरण संतुलन का प्रतीक माना गया है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे जैव विविधता के संरक्षण में जिम्मेदार भूमिका निभाएं।

### भारत का उभरता हुआ ...

गूज, कॉमन टील, पिंटेल डक, नॉर्दर्न शवलर, ब्लैक-नेक्ड स्टॉर्क, पेंटेड स्टॉर्क, ओपनबिल्ड स्टॉर्क, सारस क्रेन सहित 270 प्रजातियों के पक्षी विचरण करने आते हैं। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि गिधवा–परसदा को राष्ट्रीय बर्ड-वॉचिंग साइट के रूप में मान्यता मिले । इसे अंतरराष्ट्रीय बर्ड-वॉचिंग सर्किट में शामिल किया जाए इस क्षेत्र को रैमसर साइट के रूप में प्रस्तावित करने की प्रक्रिया और तेज की जाए।

**योजनाओं में शामिल,** बर्ड वॉचिंग टॉवर, इंटरप्रिटेशन गैलरी, पर्यटक स्वागत केंद्र, प्रकृति अध्ययन केंद्र, सोलर पाथवे, नाव संचलन व्यवस्था, सुरक्षित पक्षी जोन डिजिटल मॉनिटरिंग और जियो-टैगिंग प्रणाली ।

**इनकी रही मौजूदगी:** कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, रजककार विकास बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक, जनपद अध्यक्ष हेमा दिवाकर, जनपद अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू, जिला अध्यक्ष अजय साहू, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, एसडीएम नवागढ़ दिव्या पोटाई, जिला पंचायत सदस्य मधु राय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री वी. श्रीनिवास राव, मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक श्री अरुण पांडे, मुख्य वन संरक्षक दुर्ग सुश्री एम. मर्सी बेला, दुर्ग संभाग के सभी जिलों के मुख्य वनमंडलाधिकारी, जिला व वनमंडल का पूरा अमला, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, ग्राम पंचायत नगधा के पदाधिकारी, स्कूली बच्चे तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### धान खरीदी पर ...

साहू, तारण निर्मलकर, फत्ते पटेल, हरि साहू, भावसिंह राज, प्रदीप साहू, नारायण पटेल, नंदू सलूजा, साधु साहू, कमल देवांगन, नोहर देवांगन, अनिल दुबे, किशुन वर्मा, संजय वर्मा, घनश्याम देवांगन, गौतम पटेल, गौकरण टडन, खिल्लू साहू, मोहित साहू समेत बड़ी संख्या में किसान शामिल थे।

### पीएम आवास योजना के ...

व पंचों ने गांव में अपूर्ण आवासों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा निर्माण कार्य में बाधाओं की जानकारी दी। अंत में ग्रामीणों ने निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने आवासों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने का संकल्प लिया। यह संध्या चौपाल न केवल योजना की प्रगति को तेज करने की दिशा में सार्थक रही बल्कि ग्रामीणों को जागरूक कर उन्हें समयबद्ध लक्ष्य पूरा करने के लिए प्रेरित भी किया।

### जिला सीईओ ने ग्रापं गर्रा के ...

पंचायत सम्पुरा को ग्राम पंचायत गर्र का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।



## खबर संक्षेप



### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर भिलाई तीन पुलिस ने पुरैना डेम नर्सरी के पास अवैध रूप बेचने की सूचना पर गनियारी पारधी पारा निवासी दशरथ पारधी को पकड़ा गया। आरोपी के पास से प्लास्टिक बोरी में 33 पौवा शोले मसाला जब्त किया गया। उक्त शराब 3300 रूपये की आंकी गई है।

### मकान से जेवरात और नकदी पार

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि दादर रोड चरोदा निवासी शंकर राव पिंपलकर परिवार समेत कार्यक्रम मे रायपुर गया था। इस दौरान अज्ञात ने मकान का ताला तोड़कर नगदी 10 हजार और सोना चांदी के जेवरात गायब मिला। चोरी हुए सामानों की कीमत 95 हजार रुपए आंकी गई है। वदी दूसरी चोरी नेवई थाना क्षेत्र की है। जहां धनंजय प्रसाद जो बीपी कालोनी स्टेशन मरोदा निवासी है। बीएसएफ आरक्षक के पद पर राजस्थान में पदस्थ है। मकान से अज्ञात ने ताला तोड़कर जेवरात समेत अन्य सामान पार कर दिया। कुल 45 हजार रुपए का सामान है।

### ट्रक की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने बाइक चालक को ठोकर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। घटना धमधा थाना क्षेत्र का है।धमधा पुलिस ने बताया कि सिघौरी चौकी जालबांधा थाना खैरागढ निवासी मृतक घनाराम वर्मा 7 दिसंबर को धमधा खैरागढ मुख्य मार्ग होते हुए सिघौरी टमाटर बेचने सब्जी मंडी धमधा आया था। टमाटर बेचकर अपनी बाइक सीजी 08 जेड 4636 से वापस घर जा रहा था। इस दौरान धमधा खैरागढ मुख्य मार्ग ग्राम परसकोल तिराहा के पास ट्रक सीजी 04 क्यूए 6964 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए घनाराम को चपेट में लिया। हादसे में घनाराम वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई।


### महिला की हत्या कर शव को जलाया!

**भिलाई।** दुर्ग जिले में हत्या जैसी आपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सोमवार को उतई थाना अंतर्गत ग्राम पुरई मैदान में 25 से 30 वर्ष की एक महिला की जली हुई लाश मिली है। महिला को पहले मौत के घाट उतारा गया, उसके बाद उसे जला दिया गया। महिला की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। बता दें कि साल की यह 50वीं हत्या की घटना है। इस प्रकार दुर्ग जिला हत्या के मामलों में रेड जोन बनता जा रहा है। इधर महिला की हत्या कर सुराग छिपाने के लिए शव को जला देने का मामला सामने आया है।घटना की खबर लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस जांच शुरु कर दिया है। उतई पुलिस ने बताया कि ग्राम पुराई खेल मैदान के पास नहर के नीचे में 25-30 वर्ष की अज्ञात महिला की लाश मिली है।

## पारदर्शिता, व्यवस्था सुधार और किसानों की सुविधा के लिए शुरू हुआ विशेष अभियान

# नवागढ़ धान खरीदी केंद्र में सक्रिय हुई कांग्रेस की किसान सहयोग समिति




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

धान खरीदी सीजन के दौरान किसानों की बढ़ती भीड़ एवं व्यवस्थाओं को और मजबूत करने की दिशा में जिला किसान कांग्रेस ने नवागढ़ धान खरीदी केंद्र में निगरानी एवं किसान सहयोग समिति का गठन कर इसे सक्रिय कर दिया है। किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मंगतराम साहू द्वारा केंद्र प्रबंधक को भेजे गए पत्र में समिति की जिम्मेदारियों का विस्तृत उल्लेख किया गया है, जिसके तहत खरीदी कार्य में पारदर्शिता बनाए रखना सर्वोच्च लक्ष्य रखा गया है।

समिति को धान तौल की निगरानी, बोरा उपलब्धता सुनिश्चित करने, भुगतान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी की जानकारी तत्काल संबंधित विभाग तक पहुँचाने, कतार प्रबंधन सुधारने तथा किसानों की शिकायतों को तत्काल निपटाने का दायित्व सौंपा गया है। समिति प्रतिदिन स्थल पर उपस्थित रहकर केंद्र की कार्यप्रणाली का अवलोकन करेगी, ताकि किसानों को सुरक्षित व सहज वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। समिति में नवागढ़ के वरिष्ठ कांग्रेसी रोशन धर दीवान, इस्माइल खान, चंद्रप्रकाश बांधे, रतन दिवाकर और गुरभेज सिंह गुंबर को शामिल किया गया है। इनमें रोशन धर दीवान समिति के प्रमुख सक्रिय सदस्य के रूप में विशेष रूप से उभरकर सामने आए हैं। किसानों की समस्याओं, खरीदी प्रक्रिया और केंद्र संचालन की बारीकियों की इनकी गहरी समझ को देखते हुए किसान कांग्रेस ने उन्हें समिति में महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान की है।

### अव्यवस्था या अनियमितता को नहीं किया जाएगा बर्दाश्त

रोशन धर दीवान ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसानों की परेशानी दूर करना हमारी पहली जिम्मेदारी है। खरीदी केंद्र में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसान अपनी उपज लेकर बेझिझक आएँ, नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मंत्री गुरु रुद्र कुमार एवं जिलाध्यक्ष आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेस हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ी है और हर समस्या का समय पर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

उनके इस सक्रिय और जिम्मेदार रुख से विपक्ष की भूमिका में और मजबूती आने की उम्मीद की जा रही है। किसान कांग्रेस का मानना है कि समिति के गठन और विशेष रूप से रोशन धर दीवान जैसे जिम्मेदार सदस्यों की सक्रियता से खरीदी केंद्र की कार्यप्रणाली और अधिक मजबूत होगी। तौल एवं भुगतान प्रक्रिया में तेजी आने से किसानों को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। खरीदी सीजन को देखते हुए यह पहल किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और लाभकारी सिद्ध होगी।

## सोनिया गांधी के जन्मदिन पर युवा कांग्रेस ने वृद्ध आश्रम में किया सेवा कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के जन्मदिन के अवसर पर जिला युवा कांग्रेस ने सोमवार को मातृशक्ति सेवा कार्यक्रम आयोजित कर जनसेवा का संदेश दिया। युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रांजल तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ता स्थानीय वृद्ध आश्रम पहुँचे और वहाँ रह रहे बुजुर्गों को शॉल एवं फल वितरण कर सम्मानपूर्वक सेवाभाव प्रकट किया।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष प्रांजल तिवारी के साथ अजयराज सेन, राजू साहू, मनीष सिन्हा, अतुल साहू, आशीष तिवारी, वतन मिश्रा, राधे दुबे, यासिफ खान, राहुल जोशी, जयप्रकाश, भीखम साहू, कौनैन अली, कबीर वर्मा, शुभम राजपूत, राघवेंद्र मनु, शुभ सहित युवा कांग्रेस के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रांजल तिवारी ने कहा कि सोनिया गांधी जी का जीवन सेवा, करुणा और समर्पण का प्रतीक है। उनके प्रेरणादायक नेतृत्व से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में समाजसेवा के प्रति और गहरी भावना विकसित होती है।

## शहर की खूबसूरती और जनसुविधा से कोई समझौता नहीं: विजय सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शहर में बढ़ते अवैध कब्जों को समाप्त करने के लिए आज नगर पालिका प्रशासन ने बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। सुबह से शुरू हुई इस कार्रवाई में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा स्वयं टीम के साथ मौजूद रहे। उनके निर्देशन में राजस्व अमला, इंजीनियरिंग शाखा, सफाई निरीक्षक और नगरपालिका कर्मचारी मुस्तैदी से लगकर मुख्य बाजार सहित कई प्रमुख स्थानों पर अतिक्रमण हटाने में जुटे रहे। मुख्य बाजार, बस स्टैंड मार्ग और अन्य प्रमुख चौराहों पर वर्षों से बने अवैध शेड, पक्के प्लेटफॉर्म, सड़क किनारे की संरचनाएँ और ठेले हटाए गए। कार्रवाई के दौरान प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि नगरपालिका सीमा में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

- शहर में अतिक्रमण पर ताबड़तोड़ कार्रवाई, नगर पालिका प्रशासन का सख्त रुख

अभियान की अगुवाई कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुगम और सुंदर रखना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। अतिक्रमण न सिर्फ यातायात में बाधा उत्पन्न करते हैं, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा को भी प्रभावित करते हैं। इसलिए यह कार्रवाई आवश्यक थी। शहर की सुंदरता और जनसुविधा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। आगे भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। अधिकारियों ने भी बताया कि अतिक्रमण हटाने की यह प्रक्रिया निरंतर चलेगी और किसी भी नए अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगरवासियों ने प्रशासन की इस मुहिम का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि इसी तरह के कदमों से बेमेतरा आने वाले समय में और अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित शहर के रूप में विकसित होगा।

## लक्ष्य लोधी संगठन की त्रिवार्षिक जिला कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- डॉ अवधेश पटेल बने लक्ष्य जिला इकाई बेमेतरा के अध्यक्ष

लक्ष्य लोधी क्षत्रिय एम्प्लाइज्ड एंड इंटलेक्चुअल एसोसिएशन (लक्ष्य छत्तीसगढ़ संगठन) पंजीकृत के जिला इकाई बेमेतरा कार्यकारिणी गठन पर निर्वाचन कार्यक्रम 07 दिसंबर रविवार स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल परपोड़ी में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम वीरांगना रानी अवंति बाई लोधी की तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर विधिवत बैठक प्रारंभ हुआ। केंद्रीय पर्यवेक्षक किशोर वर्मा (संगठन मंत्री), रूपकुमार महिकवार आजीवन सदस्य, कमलेश कुमार वर्मा (लक्ष्य प्रांतीय उपाध्यक्ष)दिलीप कुमार वर्मा, चुरावन बघेल, नरेश बघेल, भोला राम वर्मा, कुंभलाल वर्मा, वेदराम लोधी, हिमांचल वर्मा, कुलेश्वर वर्मा ,रेवाराम जांघेल, युवा सदस्य में रामवतार वर्मा, धर्मेन्द्र जांघेल, दुर्गेश वर्मा लक्ष्य सदस्यों की उपस्थिति में 1.00 बजे प्रारंभ हुआ। बैठक में लक्ष्य जिला इकाई पदाधिकारी एवं सदस्यो की उपस्थिति में केंद्रीय पर्यवेक्षक किशोर वर्मा (लक्ष्य संगठन मंत्री) एवं रूपकुमार महिकवार (लक्ष्य आजीवन सदस्य) के द्वारा लक्ष्य निर्वाचन प्रक्रिया नियम के तहत कुल प्रमुख पद में 6 एवं 7 कार्यकारिणी सदस्य के लिए जिला बेमेतरा लक्ष्य त्रिवार्षिक कार्यकारिणी गठन निर्वाचन निर्विघ्न सम्पन्न हुआ। इन पदों पर निर्वाचित हुए लक्ष्य जिला इकाई बेमेतरा अध्यक्ष डॉ अवधेश पटेल बेमेतरा निर्वाचित हुए, उपाध्यक्ष नरेश बघेल मोहतरा से, ताम्रजध्वज राजपूत नवागढ़ से, कोषाध्यक्ष कुंभलाल वर्मा जानो परपोड़ी से, सचिव हिमांचल वर्मा पातरझोरी परपोड़ी से, संगठन सचिव डोगेंद्र वर्मा लोलेसरा साजा से, प्रचार सचिव लोमन वर्मा भेंदरवानी साजा से है। मनोनीत पद में भोला राम वर्मा संयोजक पथर्री कला परपोड़ी से, मिडिया प्रभारी ओमप्रकाश जंघेल सोहागपुर परपोड़ी से, गिरजा पटेल महिला संगठन प्रभारी, एवं सह सचिव रमेश कुमार वर्मा पथररीकला परपोड़ी से मनोनित किए गए।

### चुने गए कार्यकारिणी सदस्य

गिरधारी लाल वर्मा लोलेसरा साजा से, अश्वनी वर्मा एवं उमा वर्मा, संबलपुर शेरसिंग राजपूत नवागढ़ से, रेवाराम जांघेल मुंगलटोला साजा से, लक्ष्मीकांत वर्मा सिंघनपुरी ठेलका से, ध्रुवेंद्र पटेल घोटवानी साजा से निर्वाचित हुए। लक्ष्य जिला इकाई संरक्षक पद में मनोनित हुए। राहुल वर्मा माटरा साजा से,वीर वर्मा चोरभटठी साजा से, वेदराम लोधी चेचानमेटा परपोड़ी से, भीम कुमार बघेल गाड़ाभाठा से, सुरेन्द्र पटेल बेरला से, भीषम वर्मा माटरा से, संतोष राजपूत एवं जीवराखन वर्मा संबलपुर नवागढ़ के निवासी हैं। लक्ष्य जिला बेमेतरा कार्यकारिणी गठन पर प्रांतीय उपाध्यक्ष कमलेश कुमार वर्मा ने कहा कि- त्रिवार्षिक निर्वाचन पद पर निर्वाचित होने वाले सभी पदाधिकारी गण को मेरी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। डॉ अवधेश पटेल अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उनसे मेरा आशा है कि अपने कार्यकाल में वे सभी पदाधिकारी एवं सदस्यो के सहयोग से विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित कर एक नया आयाम उपलब्धि हासिल करेंगे।

## वन मंत्री केदार कश्यप का विधायक दीपेश साहू ने किया आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले के ग्राम कुंरा में छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप का विधायक दीपेश साहू ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल जी के आवास में आयोजित इस सौजन्य मुलाकात में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, स्थानीय ग्रामीण एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने मंत्री केदार कश्यप के साथ बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की।

इनमें ग्रामीण विकास, सड़क एवं आधारभूत संरचना, पर्यावरण संरक्षण, हरियाली विस्तार, वनभूमि संरक्षण, जल स्त्रोतों की सुरक्षा, इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने तथा स्थानीय समुदायों की भागीदारी को सशक्त बनाने जैसे महत्वपूर्ण बिंदु शामिल रहे।विधायक साहू ने कहा बेमेतरा क्षेत्र में विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण और हरित विस्तार को लेकर प्रदेश सरकार की नीतियाँ अत्यंत प्रभावी हैं। वन मंत्री केदार कश्यप जी के मार्गदर्शन में बेमेतरा को हरित और सतत विकास का मॉडल जिला बनाने का संकल्प लिया गया है।" मुलाकात के दौरान मंत्री केदार कश्यप जी ने प्रदेश में चल रहे पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीव संवर्धन, जैव विविधता संरक्षण तथा जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी साझा की और कहा कि जनभागीदारी से ही प्रदेश के पर्यावरणीय अभियानों को गति मिलती है।

## ठंड से थोड़ी राहत, पारा 10.4 डिग्री पहुंचा

**भिलाई।** जिले में ठंड से दस्तक दे दी है। पारा पिछले तीन दिनों से 10 डिग्री के आसपास बना हुआ है। सोमवार को भी रात का पारा 10.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से करीब 3.3 डिग्री कम था। वहीं दिन का पारा 28.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी दिनों में हल्के बादल छाए रहेंगे, इससे तापमान में बढ़ोत्तरी की संभावना है। छत्तीसगढ़ में पिछले दो दिनों से ठंड बढ़ गई है। सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। अंबिकापुर में रात का तापमान गिरकर 5 डिग्री के नीचे पहुंच गया है।

**नगर में शिवभक्ति का उमड़ा सैलाब**

## गौ प्रतिष्ठा यज्ञ व शिवमहापुराण कथा के चौथे दिन मंडी परिसर बना दिव्य आध्यात्मिक धाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



नगर के कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित गौ प्रतिष्ठा यज्ञ एवं शिवमहापुराण कथा का चौथा दिन भक्तिमय उत्साह, आध्यात्मिक ऊर्जा और शिवत्व के अद्वितीय वातावरण के साथ संपन्न हुआ। सुबह की पहली किरण के साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ यज्ञ स्थल पहुंचने लगी, और कुछ ही देर में पूरा परिसर हर-हर महादेव के जयघोषों से गूंज उठा। प्रातः काल से श्रद्धालु लगातार यज्ञ भगवान की परिक्रमा कर रहे थे।

आस्था का आलम यह था कि हर उम्र के लोग—बालक, युवा, महिलाएं और वरिष्ठजन—सभी कदम-कदम पर भक्ति में लीन दिखाई दे रहे थे। परिक्रमा की अनवरत धारा ने ऐसा दिव्य दृश्य उपस्थित किया मानो पूरा नगर शिव आराधना में मग्न हो गया हो। यज्ञाचार्य रवि शास्त्री अपने सहयोगियों के साथ वैदिक विधि से यज्ञ संपन्न कराने में तन्मयता से जुटे रहे। वैदिक हवन, आहुतियों की सुगंध और यज्ञ अग्नि की ऊष्मा ने माहौल को और भी पवित्र बना दिया। वहीं शिवगंगा आश्रम सलधा के बटुकों द्वारा किए जा रहे मंत्रोच्चारण ने मानो स्वर्गीय तरंगों को धरती पर उतार दिया हो। पूरे मंडी परिसर में गूंजते "ॐ नमः शिवाय" के स्वर श्रद्धालुओं को भक्ति-सागर में डुबोते रहे। शिवमहापुराण कथा के दौरान कथा व्यास ने भगवान शिव की महिमा, उनके अवतारों, ज्योतिर्लिंगों की उत्पत्ति, शिव-पार्वती के दिव्य विवाह और शिवभक्ति के मार्ग का मनोहारी वर्णन किया।

### सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का अद्भुत उदाहरण

कथा में बताया गया कि शिवमहापुराण सिर्फ पुराण नहीं, बल्कि शिवत्व का अनंत ज्ञान है—जिसमें करुणा, त्याग, सृष्टि की रचना, संहार की शक्ति और भक्तों के प्रति शिव की अनन्य कृपा का दिव्य संदेश समाहित है। श्रोतागण कथा के हर प्रसंग के साथ भाव-विभोर होते रहे। कई क्षण ऐसे आए जब पूरा पंडाल ताली-जयघोष से गूंज उठा। विशेषकर शिव के भक्तों की कथाओं और ज्योतिर्लिंगों के प्राकट्य प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन समिति के अनुसार प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है और चौथे दिन यह संख्या अब तक के सभी दिनों से अधिक रही।

बढ़ी हुई भीड़ के बावजूद व्यवस्था अत्यंत सुचारू रही, जिसमें स्वयंसेवकों और प्रबंधन समिति की भूमिका सराहनीय रही। शाम होते-होते मंडी परिसर दीपों की रोशनी और धूप-दीप की सुगंध से ऐसा चमक उठा मानो स्वयं कैलाश पर्वत उतर आया हो। श्रद्धालुओं में पांचवें दिन के विशेष अनुष्ठानों और आगामी कथा प्रसंगों को लेकर खास उत्सुकता देखी जा रही है। नगर में चल रहा यह दिव्य आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बन गया है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का अद्भुत उदाहरण भी प्रस्तुत कर रहा है।

## जिले के चयनित 7 डीआरजी बीआरजी को दे रहे प्रशिक्षण

# डाइट बेमेतरा में ब्लूप्रिंट, प्रश्न पत्र निर्माण व शिक्षण शास्त्र पर प्रशिक्षण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान डाइट पर 8 से 12 दिसंबर तक विषय पर आधारित ब्लू प्रिंट पर प्रशिक्षण का आयोजन चल रहा है। मंगलवार प्रथम दिवस में विभिन्न विषयों के 20 बीआरजी ने भाग लिया। उन्हें राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर से प्रशिक्षित डीआरजी के द्वारा ब्लूप्रिंट, प्रश्न पत्र निर्माण एवं शिक्षण शास्त्र पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। 8 से 12 दिसंबर 2025 तक विज्ञान समूह, कला समूह एवं भाषा समूह के बीआरजी भाग लेंगे। 15 से 19 दिसंबर 2025 को वाणिज्य एवं कृषि समूह के विकासखंड स्त्रोत समूह बीआरजी के प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक विकासखंड से प्रत्येक विषय पर एक प्रतिभागी विज्ञान समूह, गणित एक, भौतिक एक, रसायन एक, जीव विज्ञान एक, तथा कला एवं भाषा समूह में हिंदी में एक, संस्कृत एक, अंग्रेजी एक, भूगोल एक, इतिहास/राजनीति एक, तथा वाणिज्य एवं कृषि समूह में अर्थशास्त्र एक, लेखाशास्त्र/ व्यवसाय अध्ययन एक, कृषि विज्ञान के तत्व एवं गणित एक, पशुपालन/ फसल उत्पादन एक, विकासखंड स्त्रोत समूह को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने बताया कि प्रशिक्षण के तृतीय चरण में विकासखंड स्तर पर शिक्षकों का प्रशिक्षण शीघ्र ही पूर्ण किया जाना है। यह महत्वपूर्ण प्रशिक्षण है तथा बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए दिसंबर माह में पूर्ण किया जाना है। विकासखंड स्तर पर 15 दिसंबर 2025 से अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाना है तथा 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण कराया जाना है। आज प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में 20 विकासखंड स्त्रोत समूह उपस्थित रहे।

- डाइट प्राचार्य ने इस प्रशिक्षण को पूरी तरह गंभीरता से लेने कहा



**ये रहे शामिल:** जबकि 7 जिला स्त्रोत समूह डीआरजी प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। जिनमें विज्ञान में केजहा राम निषाद, रसायन शास्त्र में रवि चौहान, अंग्रेजी में धर्मेंद्र शर्मा, भौतिक शास्त्र में गीतांजलि निषाद, संस्कृत विषय में दालेश्वरी साहू, भूगोल में लक्ष्मी नारायण गायकवाड, राजनीति विज्ञान में संजय चंतारे जिला स्त्रोत समूह के रूप में प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। जबकि विकासखंड स्त्रोत समूह में अर्जुन कश्यप, चंद्रकांत दुबे, ऋषि कुमार साहू, नेहा ठाकुर, डॉ प्रियंका वर्मा, कीर्ति नाथ साहू, मनोज बारले, तेखन सिंह वर्मा, दिनेश कुमार सोनी, संतोष कुमार लहरी शामिल है। डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य एनईपी 2020 तथा एससीएफ-एसई से परिचय कराना, भारतीय ज्ञान परंपरा से परिचय कराना, ब्लूम टैक्सनॉमी का ब्लूप्रिंट से परिचय, विषयवार प्रश्न पत्र का निर्माण करना सीखना है।

